16.04.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेष 2.10pm

प्रादेशिक समाचार

लाड़ली बहना योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मंडला जिले के ग्राम टिकरवारा से लाड़ली बहना योजना के हितग्राहियों के खाते में राशि जारी करेंगे। उन्होंने कहा कि राशि जारी करने की तारीख में एकरूपता लाने के लिए अब राज्य सरकार द्वारा प्रतिमाह 15 तारीख के आसपास यह राशि प्रदान की जाएगी। प्रदेश की एक करोड़ 27 लाख महिलाओं के खाते में करीब 1 हजार 552 करोड़ रुपए की राशि जारी की जाएगी। इस अवसर पर 56 लाख 68 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 340 करोड़ रूपए की राशि जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री 25 लाख से अधिक महिलाओं को सिलेंडर रिफिलिंग की 57 करोड़ की राशि भी भेजेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कई विकास कार्यों की सौगात भी देंगे।

गृहमंत्री

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह आज नीमच पहुँचेंगे। श्री शाह कई स्थानीय कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। उनकी आगवानी के लिए मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव आज शाम नीमच पहुँच रहे हैं।

**एजुकेशन पोर्टल 3.0**

**स्कूल शिक्षा विभाग ने नये शिक्षा सत्र एक अप्रैल, 2025 से एजुकेशन पोर्टल 3.0 तैयार किया है। इस पोर्टल में विभाग से जुड़ी मानव संसाधन की व्यापक जानकारी का समावेश किया गया है। इस पोर्टल से विभाग के कर्मचारियों का डाटाबेस तैयार किया गया है। इसमें विभाग के करीब 2 लाख 75 हजार कर्मचारियों की समस्त जानकारी पारदर्शी रूप से पोर्टल पर प्रदर्शित की गयी है। विभाग के पौने तीन लाख कर्मचारियों के स्थानांतरण को भी पारदर्शी माध्यम से स्थानांतरण नीति-2022 के आधार पर ऑनलाइन ट्रांसफर मॉड्यूल तैयार किया गया है। उच्च पद प्रभार एवं अतिथि शिक्षक प्रक्रिया को भी पोर्टल पर ऑनलाइन किया जा रहा है।**

**मौसम**

**प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिलने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार कल से 18 अप्रैल तक एक बार तेज गर्मी का दौर शुरु होगा। इस बीच आज ग्वालियर, चंबल, इंदौर और उज्जैन संभाग के जिलों में लू चल सकती है। कल कई शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया। दोपहर में रतलाम के सैलाना में कुछ देर तक बारिश भी हुई। में रतलाम में अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।**

## **समाचार संक्षेप में...-----**

- आईपीएल क्रिकेट में डेल्ही कैपिटल्स का सामना आज राजस्थान रॉयल्स से होगा। यह मैच नई दिल्ली के अरूण जेटली स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।
- बालाघाट जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने आज जिला चिकित्सालय के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान गैरहाजिर आधा दर्जन चिकित्सा अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया।
- शिवपुरी जिले में कल सुबहः 11 बजे से शासकीय आई.टी.आई. पिछोर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा।
- आगरमालवा जिले के नलखेड़ा के सरदार पटेल शासकीय महाविद्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मानव श्रृंखला बनाकर जल संचय का संकल्प लिया गया।
- नर्मदापुरम जिले के सिवनीमालवा में पोषण पखवाड़े में 8 गांवों में विशेष अभियान के तहत 6 माह के बच्चों का अन्नप्राशन एवं माताओं को पोषण और स्वच्छता की जानकारी दी गई।